RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 04 जून 2024 | वर्ष 06 | अंक 47 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में पानी बर्बाद करने वालों की अब खैर नहीं... बीएमसी बनाने जा रही पॉलिसी?



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बारिश में जियो पॉलिमर और मास्टिक से भरे जाएंगे सड़कों के गड्ढे!

## कोल्ड मिक्स का नहीं किया जाएगा इस्तेमाल...

मुंबई: बारिश के दौरान सड़कों पर पड़ने वाले गड्ढों की वजह से आलोचना झेलने वाली बीएमसी इस बार पहले से ही तैयार है। बीएमसी इस साल मॉनसून के दौरान सड़कों के गड्ढे भरने के लिए कोल्ड मिक्स का इस्तेमाल नहीं करेगी। यह जानकारी बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर अभिजीत बांगर ने दी है। बांगर ने बताया है कि कोल्ड मिक्स तेज बारिश और गाड़ियों की आवाजाही की वजह से जल्दी उखड़ जाता है, इसलिए बारिश के दौरान मास्टिक अस्फाल्ट और जियो पॉलिमर तकनीक के इस्तेमाल का फैसला किया गया है। इससे गड्ढे भरने के 2 घंटे के अंदर यातायात शुरू किया जा सकेगा। इस तकनीक से सड़कें जल्दी खराब भी नहीं होंगी।



बीएमसी मुंबई में गड्ढे भरने के लिए अब तक जियो पॉलिमर, पेवर ब्लॉक, एम- 60, रैपिड हार्डनिंग, रिएक्टिव अस्फाल्ट जैसी तकनीक का प्रयोग कर चुकी है। लेकिन इस साल जियो पॉलिमर और मास्टिक अस्फाल्ट का ही इस्तेमाल होगा। बीएमसी हर वॉर्ड में 3 मास्टिक कूकर मशीन तैनात करने का फैसला किया है। इनमें दो बड़ी और एक छोटी मशीन होगी।

जियो पॉलिमर कंक्रीट तकनीक से पूरी सतह को हटाए बिना गड्ढे में इसे भर दिया जाता है। इसे सीमेंट कंक्रीट के साथ एकीकृत किया जाता है। इस तकनीक में छोटे-छोटे दाने होते हैं, जो इस सड़क को टूटने नहीं देते। वहीं, इसकी लेयर अन्य सड़कों की अपेक्षा मोटी होती है। मास्टिक की सड़क बनाने में स्टोन चिप्स, प्लास्टिक, क्रशर, गद्देदार परत सहित अन्य सामान का प्रयोग होता है।

### 7 जून तक भरे जाएं सड़कों के गड्ढे...

**अडिशनल कमिश्नर बांगर ने निर्देश दिया है कि प्री-मॉनसून तैयारी के तहत सड़कों, सर्विस रोड सहित ईस्टर्न और वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे के गड्ढे हर हाल में 7 जून तक भरे जाएं। बांगर ने शुक्रवार को ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे का दौरा किया। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे पर मुख्य सड़कों और सर्विस रोड को चलने योग्य बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इसमें गड्ढों को भरने के साथ-साथ खराब पैच को भरा गया है। जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड जंक्शन पर पायलट आधार पर 'जियो पॉलिमर' और घाटकोपर में गोदरेज कंपनी के सामने 'माइक्रो सरफेसिंग' तकनीक अपनाई गई है। बांगर ने कहा कि 7 जून, 2024 तक सड़कों की मरम्मत का काम पूरा किया जाना चाहिए। जो ठेकेदार काम में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।**

### यहां कर सकते हैं गड्ढों की शिकायत

**बारिश के दौरान सड़कों पर गड्ढों की शिकायत के लिए बीएमसी कई विकल्प जनता को उपलब्ध करा रही है। इसमें मुंबई के सभी 227 प्रभागों के सब इंजिनियर के मोबाइल नंबर शामिल हैं, जिन्हें जारी कर दिया गया है। लोग सड़कों पर गड्ढे पड़ने पर अपने प्रभाग के इंजिनियर को सीधे फोन कर शिकायत कर सकेंगे। साथ ही, लोग MyBMCPotholeFixIT ऐप पर भी 24/7 शिकायत कर सकते हैं।**

# पनवेल में भाई और पिता के पिटाई से 18 साल के एक युवक की मौत!

**पनवेल:** तलोजा गांव के पाटिलवाड़ी में एक इमारत में एक युवक को उसकी बहन के साथ एक घर में बंद पाया गया और उसके भाई और पिता ने उसकी पिटाई की। इस पिटाई में 18 साल के एक युवक की मौत हो गई. मृतक युवक की पहचान समीर अब्दुल शेख के रूप में हुई है. देविचा पाड़ा निवासी समीर रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अपनी प्रेमिका आलिया शेख के घर गया था। आलिया ने खुद ही समीर से मिलने के लिए घर बुलाया था. इसी बीच आलिया का भाई ताहिर काम से घर लौट आया. लेकिन जब आलिया ने दरवाजा नहीं खोला तो उसे शक हुआ. कुछ मिनटों तक खटखटाने के बाद, उसने लात मारकर दरवाजा खोला।

घर में घुसते ही ताहिर ने आलिया और समीर को एक साथ देखा और अपने पिता यूसुफ को घर बुला लिया. जब युसूफ घर आया तो घर में रखे लोहे के फावड़े से समीर को बुरी तरह पीटा। यूसुफ ने लोहे के हथौड़े से समीर के सिर पर वार कर दिया। इस पिटाई में समीर की मौत हो गई. इस बीच, समीर को खून से लथपथ देखकर आलिया के घर के बगल में रहने वाली समीर की चाची मैनाखातुन अली शेख ने यूसुफ और ताहिर को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी पेट में लात मारी गई और नीचे गिरा दिया गया। इस घटना के बाद तलोजा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाथ कालदाते ने घटनास्थल का दौरा किया और यूसुफ और ताहिर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस निरीक्षक रमेश जाधव, सहायक पुलिस निरीक्षक बाबू खाटपे, सतीश गोरे, पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश कु-हाडे ने 45 वर्षीय यूसुफ और 24 वर्षीय ताहिर को गिरफ्तार किया.



# मुंबई बम धमाकों का मास्टरमाइंड मोहम्मद अली खान की जेल में हत्या, 257 लोगों को उतरा था मौत के घाट

**कोल्हापुर:** 1993 के मुंबई बम धमाकों का दोषी मोहम्मद अली खान की महाराष्ट्र के कोल्हापुर जेल में हत्या कर दी गई। उसे जेल में ही बंद 5 आरोपियों ने सर फोड़कर मौत के घाट उतारा। मोहम्मद अली खान मुंबई सीरियल ब्लास्ट के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पुलिस की मानें तो मोहम्मद अली खान की हत्या प्रतीक पाटिल, दीपक खोत, संदीप चव्हाण, ऋतुराज इनामदार और सौरभ सिद्ध ने की है, जो पहले से ही किसी अन्य आरोप में जेल में बंद हैं। यह पांचों उसी बैरक में थे, जिसमें पहले से ही अली खान था। ऐसे में अब पुलिस इस जांच में जुट गई है कि इन सभी के बीच किस मामले को लेकर विवाद हुआ था।

गौरतलब हो कि मोहम्मद अली खान जन्म से मुस्लिम नहीं था। इसने बाद में इस्लाम धर्म कबूल किया था। इसका नाम पहले मनोज कुमार भंवरलाल गुप्ता उर्फ मुन्ना था। वह मुंबई सीरियल ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था। जिसमें 257 लोगों की जान चली गई थी और हजारों लोग घायल हो गए थे। कोल्हापुर की जेल में 1993 मुंबई ब्लास्ट के चार दोषियों को रखा गया है। जिसमें से एक अली खान भी था। जानकारी के लिए बता दें कि मोहम्मद अली खान उर्फ मुन्ना कोल्हापुर की जेल में मुंबई बम धमाकों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसने 12 मार्च, 1993 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की 28 मंजिला इमारत के बेसमेंट में एक जोरदार धमाके किया था, जिसमें 50 लोगों की मौत हो गई था। इतना ही नहीं इसके आधे घंटे बाद दूसरा धमाका एक कार में हुआ और फिर एक के बाद एक धमाकों का सिलसिला शुरू हुआ था। दो घंटे के अंदर पूरे मुंबई में 12 जगहों पर 13 धमाके हुए थे।



# महाराष्ट्र सरकार की सूखे से निपटने की कोशिश नाकाफी... हम संघर्ष शुरू करेंगे - पवार

**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार की सूखे की स्थिति से निपटने की कोशिश अपर्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जरूरी कदम नहीं उठाए गए तो 'संघर्ष' शुरू किया जा सकता है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे पत्र में पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने सूखे की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि बांधों में जलस्तर नीचे चला गया है और राज्य के कई इलाकों में पानी की भारी कमी है।



पवार ने पत्र में कहा, ''छत्रपति संभाजीनगर में 24 मई को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मैंने राज्य में सूखा जैसी स्थिति से निपटने के लिए सरकार के साथ सहयोग करने की बात की थी। आपने (मुख्यमंत्री) भी मराठवाड़ा इलाके में सूखे की स्थिति की समीक्षा की लेकिन जनप्रतिनिधि और मंत्री समीक्षा बैठक में नदारद थे।'' उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार सूखे की स्थिति से निपटने के लिए पूरी कोशिश नहीं कर रही है। पवार ने कहा कि गत दस दिन में सूखे की स्थिति और विकराल हुई है तथा बांधों में जलस्तर तेजी से कम होने से कई इलाकों में गंभीर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा, ''टैंकर की संख्या 1,100 से ऊपर हो गई है और पानी तथा चारे के कमी की वजह से मवेशियों के लिए संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।'' पवार ने आरोप लगाया कि जल संकट की वजह से बागवानी के लिए गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है लेकिन राज्य सरकार ने उचित कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा, ''मैं राज्य सरकार से सूखा जैसी स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठाने की अपील करता हूं। लेकिन बदलाव जमीन पर नहीं दिखने की स्थिति में, मैं इस मुद्दे पर संघर्ष करने के लिए मजबूर होऊंगा।''

# नवी मुंबई में सात अवैध पबों के खिलाफ नगर पालिका की कार्रवाई

**नवी मुंबई :** नगर निगम के अतिक्रमण उपायुक्त डॉ. राहुल गेठे के अतिक्रमण विभाग की कमान संभालने के बाद अवैध इमारतों, सीमांत स्थानों, अनधिकृत होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 31 मई को उत्पाद शुल्क और पुलिस की मदद से नेरुल डिवीजन में अनधिकृत पब और बार के खिलाफ कार्रवाई की गई।

नेरुल डिवीजन में सात पब बार, राज महल बार, मिनी महल बार, डायमंड बार, क्रेजी बार, लैला बार, स्टार गोल्ड और साईं पूजा बार के अनधिकृत अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से अनाधिकृत बार, लेडीज बार, ढाबा चालक, पब प्रोफेशनल्स में खलबली मच गई है. अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त डॉ. ने बताया कि अवैध होटल, पब, बार और ढाबों के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है और भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी. राहुल गेठे ने कहा.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### एग्जिट पोल का 400 पार

प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार इस पद पर आसीन हो सकते हैं। आम चुनाव, 2024 में भाजपा-एनडीए की शानदार और प्रचंड जीत भी लगभग तय है। वे 400 पार का लक्ष्य भी लांघ सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी का चुनावी मंत्र भी सार्थक और साकार हो सकता है। दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश में 'भगवा गठबंधन' का खाता खुल सकता है। कर्नाटक की चुनावी उपलब्धि यथावत रहेगी, जबकि दक्षिण के ही तेलंगाना राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर सकती है। जो जनादेश अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक हो सकते हैं, वे पश्चिम बंगाल और ओडिशा के हो सकते हैं। दोनों राज्यों में भाजपा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और नवीन पटनायक के बीजू जनता दल को पराजित करती लग रही है। दोनों नेता अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं। यकीनन ये ऐतिहासिक उपलब्धियां होंगी। यदि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार पदासीन होते हैं, तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कीर्तिमान की बराबरी कर लेंगे। भाजपा को भी 2014, 2019 के बाद लगातार तीसरी बार, अपने ही बूते, लोकसभा में बहुमत हासिल हो सकता है। बहरहाल अधिकृत जनादेश 4 जून को घोषित किया जाना है, लेकिन ये विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल के चुनावी निष्कर्ष हैं। एग्जिट पोल सर्वे की वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसका पश्चिमी और यूरोपीय देशों में सामान्य चलन और महत्वपूर्ण प्रभाव है।

अलबत्ता भारत में एग्जिट पोल की प्रक्रिया अपेक्षाकृत नई और सवालिया है। कई एग्जिट पोल हमने नाकाम और गलत होते देखे हैं, लेकिन ऐसे बहुत से चुनावी सर्वेक्षण सटीक और सफल भी रहे हैं। 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में जो मतदान कराए गए, ये चुनावी अनुमान और आकलन 'भावी जनादेश' के संकेत भर हैं। अधिकांश एग्जिट पोल का रुझान या जनादेश की सोच एक ही दिशा की ओर संकेत कर रहे हैं कि भाजपा को 320-330 सीटें हासिल हो सकती हैं। तीन-चार पोल में भाजपा-एनडीए की सीटें 400 पार जाती लग रही हैं। सबसे गौरतलब यह हो सकता है कि केरल, तमिलनाडु में उन्हें 22-27 फीसदी वोट मिल सकते हैं, नतीजतन दोनों राज्यों में 2-4 सीट प्रति के परिणाम मिल सकते हैं। आंध्रप्रदेश में भी खाता खुलना लगभग तय है। यदि ऐसा हुआ, तो भाजपा दक्षिण में अभिशप्त और शून्य पार्टी नहीं रहेगी, बल्कि उसकी स्वीकार्यता 'राष्ट्रीय' होगी। तेलंगाना में 4 सीट से 10-12 सीट तक का सफर तय करना भाजपा-एनडीए की एक दुर्लभ उपलब्धि है।


editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# इंस्टाग्राम से चुराई तस्वीरें... फिर मेडिकल छात्रा की मां को भेज किया ब्लैकमेल

## मेडिकल स्टूडेंट की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**मुंबई:** सहार पुलिस ने 20 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज किया है। पीड़िता के इंस्टाग्राम से फोटो चुराकर आरोपी ने अश्लील फोटो बनाया और ब्लैकमेल करते हुए एक लाख रुपये मांगे थे। पीड़िता ने मुंबई पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसकी तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसे अश्लील बना दिया गया। इस गंदी तस्वीर को उसके परिवार और दोस्तों को भेज दिया। संपादित सामग्री को वायरल नहीं करने के लिए पीड़िता से एक लाख रुपये की मांग की। पीड़िता के बयान के आधार पर सहार पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।




**आरोपी ने दिया सेटलमेंट का ऑफर**

पुलिस ने बताया कि जालसाजों ने 21 मई को फोन किया और इस मामले को रफा-दफा करने के लिए सेटलमेंट अमाउंट के तौर पर 50 हजार रुपये की मांग की। पीड़िता ने इसकी सूचना अपने एक पुलिस अधिकारी रिश्तेदार को दे दी। उनके सुझाव पर उन्होंने जालसाज से बात की और उसका मकसद पता किया। जालसाज ने पीड़िता को बताया कि वह ब्लैकमेल करने के इरादे से उसकी अश्लील तस्वीर बनाकर पैसा ऐंठना चाहता है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बातचीत के बाद आरोपी उससे एक लाख रुपये की मांग करने लगे। इतना ही नहीं, उसकी जानकारी के बिना उसके मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर उसकी कुछ पुरानी तस्वीरों को एडिट भी कर दिया। 28 मई को भारत लौटने पर पीड़िता ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सहार पुलिस में केस दर्ज कराया है।

### रिश्तेदारों को भेजी गई अश्लील तस्वीरें

पुलिस के अनुसार, पीड़िता सोलापुर की रहने वाली है। नासिक में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। 19 मई को वह अपने माता-पिता के साथ ऑस्ट्रिया गई थी। आरोप है कि पीड़िता की मां को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मेसेज मिला था, जिसमें उनकी बेटी की मॉर्फ्ड व अश्लील तस्वीरें भेजी गई थी। पीड़िता की दो सहपाठियों को भी इंस्टाग्राम अकाउंट से इसी तरह के मेसेज भेजे गए। उसके चचेरे भाई और कई करीबी रिश्तेदारों के फोन और सोशल मीडिया अकाउंट पर उसकी कथित अश्लील तस्वीरें भेजी गईं।

### साइबर क्राइम से बरतें सावधानी...

- किसी को अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड न भेजें।
- किसी नए और अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- किसी आकर्षक ऑफर या इनाम के झांसे में न आएं।
- सोशल मीडिया अकाउंट का 2 स्टेप वेरिफिकेशन करवा लें
- रात में सोने के दौरान याद से मोबाइल का इंटरनेट बंद रखें।
- साइबर ठगी का शिकार बनने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# पश्चिम रेलवे की मुंबई लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित... यात्री हुए परेशान



**मुंबई :** पश्चिम रेलवे से सफर करने वाले मुंबई के लोगों के लिए जरूरी खबर यह है कि लोकल ट्रेन सेवाएं तकनीकी खराबी की वजह से सेवाएं बाधित हो गई है। दरअसल मुंबई के बोरीवली स्टेशन पर एक केबल कट गया है इसी वजह से पश्चिम रेलवे नेटवर्क पर सोमवार को लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ज्ञात हो कि बोरिवली उत्तर मुंबई में सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन में से एक है।

**सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन**

यहां से बड़ी संख्या में यात्री और कार्य स्थलों पर जाने वाले लोग लोकल ट्रेन सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए पश्चिम रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि केबल कटने के कारण बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो से उपनगरीय रेलगाड़ियां नहीं चल रही हैं। उन्होंने बताया कि स्टेशन के बाकी प्लेटफॉर्म झ तीन से लेकर आठ पर रेलगाड़ियों का संचालन हो रहा है। पश्चिम रेलवे ने बताया कि सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मरम्मत का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रोजाना 1,300 से अधिक उपनगरीय रेल सेवाओं का संचालन करता है और दक्षिण मुंबई में चर्चगेट से पड़ोसी पालघर जिले के डहाणू के बीच फैले इसके नेटवर्क पर ट्रेन सेवाओं में करीब 30 लाख यात्री सफर करते हैं। गौरतलब हो कि हाल ही में भारतीय रेलवे द्वारा मुंबई लोकल के लिए 63 घंटा का मेगाब्लॉग किया गया था। सीएसएमटी के प्लेटफॉर्मों को चौड़ा करने का काम पूरा हो चुका है और इस लाइन को चालू करने के लिए रेलवे प्रशासन ने यह ब्लॉक लिया था। इस चौड़ीकरण के कारण अब यहां 16 के बजाय 24 कोच की लंबी दूरी की ट्रेनें रुक सकेंगी।

इंटरलॉकिंग, सिग्नल सिस्टम, ओवरहेड वायर शुरू करने के लिए यह ब्लॉक आज रात से शुरू होगा। इसलिए, शुक्रवार आधी रात से रविवार दोपहर तक, सीएसएमटी का सेंट्रल रेलवे केवल भायखला रेलवे स्टेशन तक अप और डाउन जारी रहेगा और हार्बर मार्गिका वडाला तक अप और डाउन जारी रहेगा। चौड़ीकरण के इस कार्य ले लोकल से सफर करने वाले यात्रियों को फायदा होगा।

# 48 घंटे में महाराष्ट्र में दस्तक देगा मानसून, आज से अगले 3 दिनों तक भारी बारिश



**नागपुर :** गर्मी और उमस से परेशान हुई महाराष्ट्र की जनता बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहीं है। ऐसे में आज मानसून लेकर मौसम विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। महाराष्ट्र के लोगों के साथ ही किसानों के लिए अच्छी खबर ये है कि अगले 48 घंटों में मानसून महाराष्ट्र में दस्तक देगा। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि आज से अगले तीन दिनों तक तूफानी बारिश की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि 4-5 जून को मुंबई में बारिश होगी। इससे बारिश का इंतजार जल्द खत्म होने की संभावना है। मानसून समय से पहले केरल पहुंचा है। इसलिए संभावना है कि महाराष्ट्र में मानसून जल्दी आ जाएगा। ऐसे में सभी की निगाहें मानसून के आगमन पर टिकी हैं। फिलहाल दक्षिण पश्चिम मानसून हवाएं दक्षिणी कर्नाटक तक पहुंच चुकी हैं। जल्द ही मानसून महाराष्ट्र में प्रवेश करेगा। पिछले कुछ दिनों से मुंबई सहित महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में भी गर्मी से लोग परेशान हैं। गर्मी के वजह से नागरिकों को अनेकों समस्या हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मुंबई में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने ठाणे, पालघर में गर्म आर्द्र मौसम की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिलों में हल्की बारिश का अनुमान लगाया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने कोल्हापुर, सतारा, अहमदनगर, बीड और जालना इलाकों में तूफानी हवाओं के साथ प्री-मानसून बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। ऐसे में अब कहा जा सकता है कि मानसून के पहले ही बारिश शुरू होगी। आज सोमवार को मुंबई में तापमान 33 से 35 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। ठाणे, पालघर इलाकों में गर्म और उमस भरा मौसम रहेगा। नागरिकों को गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, मौसम विभाग ने 3 से 4 जून के बीच सिंधुदुर्ग में तूफानी हवाओं और गरज के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। इसलिए प्रशासन ने जिले में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मानसून के गुजरने के लिए अनुकूल स्थिति है। इसलिए अगले 2 से 3 दिनों में इसके कर्नाटक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 7 से 8 जून के बीच मानसून राज्य के प्रवेश द्वार सिंधुदुर्ग में प्रवेश करेगा।

# महाराष्ट्र में टूट-फूट की राजनीति से जनता नाराज...
# कौन असली और नकली, हो जाएगा साफ

**मुंबई :** महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को मतगणना होगी, जिसमें शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रतिद्वंद्वी गुटों के साथ-साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व के लिए मुकाबला है। राज्य में टूट-फूट की राजनीति से जनता में नाराजगी दिखाई दी। मतदाता शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में कौन असली कौन नकली की जंग के बीच असमंजस में पड़ गए। ऐसे में अब नतीजे सामने आने के बाद असली नकली की लड़ाई खत्म होने की उम्मीद है। राज्य में मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मतगणना की यह प्रक्रिया 289 मतगणना हॉल और 4,309 मतगणना टेबल पर 14,507 कर्मियों द्वारा की जाएगी। सभी मतगणना केंद्रों पर पुलिस की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



महाराष्ट्र में चुनाव सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) दोनों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पश्चिमी राज्य लोकसभा में 48 सदस्य भेजता है, जो उत्तर प्रदेश के बाद सीट की संख्या के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीट हैं। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार नीत राकांपा शामिल हैं। एमवीए के घटकों में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार नीत राकांपा (शरद चंद्र) शामिल हैं। महाराष्ट्र में 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में 98,140 मतदान केंद्रों पर चुनाव हुए। राज्य में पांच चरणों में 61.33 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव मैदान में उतरे 1,121 उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी (नागपुर), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), नारायण राणे (रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग), रावसाहेब दानवे (जालना), भारती पवार (डिंडोरी) और कपिल पाटिल (भिवंडी) शामिल हैं।

## बारामती में ननद-भाभी का मुकाबला

**सबसे रोमांचक मुकाबला बारामती निर्वाचन क्षेत्र में था, जहां शरद पवार की बेटी और मौजूदा राकांपा (शरद चंद्र) सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी सुनेत्रा पवार से था, जो अजित पवार की पत्नी हैं। पिछले साल अजित पवार ने शरद पवार द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। राज्य के मंत्रियों सुधीर मुनगंटीवार और संदीपन भूमरे ने क्रमश: चंद्रपुर और औरंगाबाद सीट पर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ चुनाव लड़ा।**

## शिंदे के गढ़ ठाणे में शिवसेना गुटों में कड़ी

**मुख्यमंत्री शिंदे के गढ़ ठाणे में, उनके नेतृत्व वाली शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच कड़ी टक्कर है। विपक्षी एमवीए सहयोगियों में, शिवसेना (यूबीटी) ने सबसे अधिक 21 सीट पर चुनाव लड़ा, उसके बाद कांग्रेस ने 17 और राकांपा (शरद चंद्र) ने 10 सीट पर चुनाव लड़ा। सत्तारूढ़ महायुति में, भाजपा ने 28 उम्मीदवार उतारे, उसके बाद शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 15 सीट पर चुनाव लड़ा जबकि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने 4 और सहयोगी राष्ट्रीय समाज पक्ष (आरएसपी) ने एक सीट पर चुनाव लड़ा। पंद्रह सीट में से, शिंदे शिवसेना का 13 सीट पर सीधा मुकाबला उद्धव गुट के साथ है। वहीं राकांपा के दोनों धड़े बारामती और शिरुर निर्वाचन क्षेत्रों में एक-दूसरे के आमने-सामने हैं।**

**चुनाव में कुल 9,29,43,890 मतदाताओं में से 5,70,06,778 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गडचिरोली-चिमूर निर्वाचन क्षेत्र में 71.88 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मुंबई दक्षिण में सबसे कम 50.06 प्रतिशत मतदान हुआ।**

## कोल्हापुर और सतारा सीट पर नजर

**कोल्हापुर के पूर्व शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले शाहू छत्रपति और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने क्रमश: कांग्रेस और भाजपा के टिकट पर कोल्हापुर और सतारा सीट से चुनाव लड़ा। मुंबई में, मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे गुट के बीच छह सीट में से तीन सीट झ्र मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई दक्षिण मध्य झ्र पर सीधा मुकाबला है, जबकि तीन अन्य सीट पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। जाने-माने वकील और भाजपा के नवोदित नेता उज्ज्वल निकम ने मुंबई उत्तर मध्य सीट से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के खिलाफ चुनाव लड़ा। मुंबई महानगर क्षेत्र में, एकनाथ शिंदे के बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।**

# सलामी देने वाले हाथ में टैटू की इजाजत नहीं, बॉम्बे हाई कोर्ट ने खारिज की मुंबई के शख्स की याचिका



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सिक्योरिटी फोर्स के अनुशासन के लिए अप्रिय माने जाने वाले टैटू को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नियम सलामी देने वाले हाथ में टैटू की इजाजत नहीं देते हैं। लिहाजा यह स्वीकार नहीं है। मामला टैटू के कारण केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में नौकरी के लिए अयोग्य घोषित एक शख्स से जुड़ा था, जिसे कोर्ट ने राहत देने से इनकार करते हुए यह फैसला सुनाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 21 दिसंबर 2021 को असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पद पर भर्ती निकाली थी। शारीरिक और लिखित परीक्षा में सफल शख्स को जून 2023 में मेडिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। विस्तृत पड़ताल के बाद मेडिकल बोर्ड ने सलामी देने वाले हाथ में टैटू होने के चलते शख्स को नौकरी के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। मेडिकल बोर्ड के फैसले के खिलाफ शख्स ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में शख्स ने दावा किया था कि परंपरा के तहत बांह में टैटू बनवाया था।

जस्टिस नितिन जामदार और जस्टिस एम एम साठे की बेंच ने कहा कि टैटू के संबंध में नियम तय किए गए हैं। किसी विशेष मामले में सहानुभूति के कारण आवश्यक मापदंडों को अनावश्यक रूप से कमजोर करने से उन लोगों के साथ अन्याय होगा, जो योग्य हैं पर टैटू से संबंधित नियमों की वजह से नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पाएं। नियमों से स्पष्ट है यदि कैंडिडेट ने नियुक्ति से पहले टैटू को हटाने की दिशा में कदम उठाया है, तो उसे टैटू नहीं केवल निशान समझा जाएगा, किंतु मौजूदा मामले में यह स्थिति नहीं है। बेंच ने आगे कहा कि शख्स के सैल्यूटिंग आर्म में टैटू है। याचिका में शख्स ने सिर्फ इतना कहा है कि टैटू परंपरा के तहत बनवाया गया है।

# कल्याण/ शाहपुर क्षेत्र से एक माह से जीओ नेटवर्क गायब... नागरिक परेशान

**कल्याण:** पिछले महीने से शाहपुर तालुका की कई गांवों की सीमा में जीओ मोबाइल नेटवर्क गायब होने से क्षेत्र का मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है. ग्रामीणों ने शिकायत की है कि यह प्रकार सातगांव, शेनवे, मालेगांव, मुसाई, कुल्हे इलाकों में सबसे आम है। अगर ऋद्ध मोबाइल पर कोई कॉल आती है तो वह अचानक बातचीत बंद कर देता है। कई बार ग्रामीणों को नेटवर्क तक पहुंचने के लिए गांव के बाहर ऊंची पहाड़ी पर जाना पड़ता है. गलती से नेटवर्क आ जाए तो मोबाइल चाहिए. अन्यथा ग्रामीणों को नेटवर्क आने का इंतजार करना पड़ता है।




हाल ही में, सभी लेनदेन मोबाइल फोन के माध्यम से किए जाते हैं। किसानों को बैंक लेनदेन के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना पड़ता है। अब कृषि बीज, सरकारी सुविधाओं का ऑनलाइन लाभ उठाने के लिए मोबाइल का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाता है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि अधिकांश बैंक लेनदेन, ओटीपी, गैस सब्सिडी, दुकानों में ऑनलाइन लेनदेन करते समय मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण ग्राहकों और दुकानदारों को परेशानी हो रही है।

ग्रामीण इलाकों में कई उच्च शिक्षित कर्मचारी घर बैठकर ऑफिस का काम करते हैं। सबसे अधिक समस्या उनके जीओ नेटवर्क की कमी के कारण हुई है। अब हर गांव में हर किसी के पास मोबाइल फोन है. गांवों में ज्यादातर लेन-देन मोबाइल फोन पर निर्भर है। छोटे हो या बड़े बिजनेस, उनसे संपर्क करने के लिए मोबाइल अहम माना जाता है। छह साल पहले ग्रामीण इलाकों में बीएसएनएल का नेटवर्क बंद होने के बाद गांवों में जीओ मोबाइल लेने की होड़ मच गई। शुरुआती दौर में गांव में जीओ का मोबाइल नेटवर्क पूरी क्षमता पर था. लेकिन पिछले कुछ दिनों से शाहपुर इलाके के शेनवे इलाके में जीओ नेटवर्क नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है. कई ग्रामीणों, वित्तीय संस्थानों ने इस संबंध में जीओ अधिकारियों से संपर्क किया है। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत है कि उन्हें कोई जवाब नहीं मिल रहा है.

## मोखाडा/ नीलमती घाट में मिला 2 दिन का नवजात शिशु...

**मोखाडा :** तालुक में मोखाडा त्र्यंबकेश्वर मार्ग पर नीलमती घाट में एक नर शिशु पाया गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मोखाडा पुलिस ने लड़के को हिरासत में ले लिया और इलाज के लिए जव्हार के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया. सहायक पुलिस निरीक्षक प्रदीप गिते ने बताया कि बच्चे की हालत स्थिर है और मोखाडा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मोखाडा पुलिस के अनुसार, मोखाडा-त्र्यंबकेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग, नीलमती घाट पर एक नर बच्चे (लगभग 2 से 4 दिन का) के सड़क किनारे लाल रंग के कपड़े और लाल और सफेद धारियों वाले कपड़े में पड़े होने की सूचना मिली थी। . घटना की सूचना मिलते ही मोखाडा पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बच्चे को हिरासत में लिया और इलाज के लिए जव्हार उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया.

# मुंबई में पानी कटौती से गई महिला की जान, नहाने का विरोध करने पर पति पर चाकू से हमला

**मुंबई :** भले ही मानसून करीब आ रहा है, लेकिन राज्य और मुंबई पानी की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। मुंबई में कई जगहों पर पानी की कमी के कारण एक महिला की जान चली गई. जल संकट के कारण मुंबई में दिल दहला देने वाली घटना घटी और एक महिला की जान चली गई. पानी कटौती को लेकर एक पति द्वारा अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करने की सनसनीखेज घटना घटी है, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है. इस मामले में साकीनाका पुलिस ने आरोपी पति परमात्मा गुप्ता (उम्र 42) को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. इस जघन्य हमले में मीरा गुप्ता नाम की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका इलाज चल रहा है.

मुंबई में इस समय कई जगहों पर पानी की कमी चल रही है। हर किसी



के घर में पानी टपकता है, लेकिन यही वजह एक महिला की जान के लिए जानलेवा बन गई। नगर पालिका द्वारा पानी कटौती के कारण मीरा गुप्ता के घर में भी पानी कम आता है। शनिवार दोपहर उनके पति परमात्मा गुप्ता (उम्र 42) घर आये। वे नहाना चाहते थे. हालाँकि, नगर पालिका द्वारा पानी की कटौती और घर में पानी की कमी के कारण, उनकी पत्नी मीरा ने उन्हें स्नान न करने के लिए कहकर विरोध किया। लेकिन इससे परमात्मा गुप्ता नाराज हो गये और उन्होंने अपनी पत्नी पर हमला कर दिया. उसने रसोई से प्याज काटने वाला चाकू उठाया और मीरा के पेट में तीन बार वार किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी. घटना की जानकारी मिलने पर साकीनाका पुलिस मौके पर पहुंची और परमात्मा गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया. उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# मुंबई में पानी बर्बाद करने वालों की अब खैर नहीं... बीएमसी बनाने जा रही पॉलिसी?

**मुंबई:** पानी की कटौती से जूझ रहे मुंबईकरों को पानी की बबार्दी महंगी पड़ सकती है। बीएमसी अब पानी बर्बाद करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए पॉलिसी बनाएगी। यह पॉलिसी खासकर उन लोगों के लिए होगी, जो पाइप के पानी से गाड़ी धोते हैं, पाइप से गार्डन में पानी देते हैं, गैलरी, बरामदा और सीढ़ियों को धोते हैं। उनके खिलाफ आर्थिक दंड लगाने के लिए बीएमसी पॉलिसी बनाएगी। यह जानकारी बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर संजय बांगर ने दी है। उन्होंने कहा है कि मुंबई में पानी आपूर्ति करना हमेशा से बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में जब झीलों में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है और मुंबईकर पानी कटौती का सामना कर रहे हैं। ऐसे में पानी की बबार्दी रोकने के लिए हमें पॉलिसी बनाने की जरूरत है। इसमें पानी बर्बाद करने वाले व्यक्ति पर आर्थिक दंड का प्रावधान होगा। बता दें कि पानी की किल्लत से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पाइप से गाड़ी धोने पर आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है।



मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली झीलों में उनकी कुल क्षमता का 8 प्रतिशत से कम स्टॉक रह गया है। इससे बीएमसी प्रशासन की नींद उड़ी हुई है। झीलों में जलस्तर कम होने के कारण बीएमसी 30 मई से 4 जून तक 5 प्रतिशत और 5 जून से मुंबई में 10 प्रतिशत की पानी की कटौती होगी। बीएमसी ने राज्य सरकार द्वारा दिए गए रिजर्व कोटे के पानी का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

### क्या है बीएमसी के पास उपाय?

**मुंबई में पानी आपूर्ति बीएमसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि उसके पास आपूर्ति के सीमित स्रोत हैं। लेकिन बीएमसी आज तक उसका विकल्प नहीं तलाश पाई है। गरगाई प्रॉजेक्ट और मनोरी प्रॉजेक्ट कब शुरू होंगे, यह बीएमसी भी नहीं बता सकती। तब तक बीएमसी को सात झीलों के पानी से ही काम चलाना पड़ेगा। बीएमसी मुंबई में प्रतिदिन 3,850 एमएलडी पानी की आपूर्ति करती है, लेकिन इसमें से लगभग 25% प्रतिशत यानी करीब 800 एमएलडी पानी लीकेज या चोरी की वजह से नागरिकों तक नहीं पहुंच पाता है। बीएमसी लीकेज रोकने और पुरानी पाइपलाइन को बदलने का काम कर रही है, लेकिन इसके बावजूद कहीं न कहीं रोज लीकेज की घटना सामने आती है, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है। बीएमसी प्रशासन इस बात को मानता है कि जब तक पानी के नए स्रोत नहीं मिल जाएं, तब तक लीकेज और चोरी को रोककर समस्या का समाधान किया जा सकता है।**

### मुंबईकर ऐसे करें पानी की बचत

**बीएमसी अधिकारी ने कहा है कि लोगों को अपनी गाड़ियों को पाइप से नहीं धोना चाहिए। इससे काफी पानी बर्बाद होता है। वाहनों को धोने के लिए पाइप का उपयोग किए बिना बर्तन में पानी लेकर गीले कपड़े से वाहनों को साफ करें। पानी की छोटी छोटी बचत से संकट को कम किया जा सकता है। यदि नागरिक पानी की बचत करें, तो दंड लगाने की नौबत ही नहीं आएगी।**

– पीने के लिए एक गिलास में जितनी जरूरत हो, उतना ही पानी लें

– शॉवर के बजाय बाल्टी में नहाने से काफी पानी की बचत होती है

– नल चालू रखते हुए ब्रश और शेविंग करने से बचें

– घर के काम के समय नल से नहीं, बल्कि बर्तनों में पानी रखकर इस्तेमाल करें

– घर में लादी, गैलरी, बरामदा, सीढ़ियों आदि को धोने की बजाय गीले कपड़े से साफ करें

– वॉशिंग मशीन में एक बार में जितना संभव हो उतने ही कपड़े धोएं

– ऐसा वॉश बेसिन नल लगवाएं, जिससे पानी धीमा गिरता हो

–रेस्ट्रॉन्ट में जरूरत हो तभी गिलास में पानी दें, नहीं तो बोतल में दें, इससे पानी बर्बाद नहीं होता

– सभी घरों में पानी आपूर्ति लाइनों की जांच हो, रिसाव मिले तो, उसे तुरंत ठीक किया जाए

– छत पर टंकी भरते समय ओवरफ्लो नहीं होने का ध्यान रखें

–सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी की बबार्दी रोकने के जरूरी उपाय हों

# मुंबई में आईएएस अधिकारी की बेटी ने 10वीं मंजिल से कूदकर दी जान... मंत्रालय के सामने की घटना

**मुंबई** : मुंबई में एक आईएएस अधिकारी की बेटी ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। आईएएस अधिकारी विकास रस्तोगी की बेटी ने एक बिल्डिंग की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस लड़की ने मंत्रालय के सामने स्थित इस बिल्डिंग की 10वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी. रस्तोगी की बेटी वकालत की पढ़ाई कर रही थी.





**मुंबई पुलिस ने क्या कहा है?**

मुंबई पुलिस के मुताबिक, लड़की की आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन इस घटना से प्रशासनिक हलके में हड़कंप मच गया है. विकास रस्तोगी शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं। आत्महत्या करने वाली लड़की का नाम लिपि रस्तोगी है. जब लड़की ने 10वीं मंजिल से छलांग लगाई तो वह नीचे खड़ी बाइक पर गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. लिपि रस्तोगी एलएलबी कर रही थी। 27 साल की उम्र में उन्होंने बिल्डिंग की दसवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। यह भी पता चला है कि उन्होंने इससे पहले भी एक नोट लिखा था लेकिन उसका विवरण अभी तक पता नहीं चल पाया है. यह चौंकाने वाली घटना मुंबई में आधी रात के आसपास घटी. बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. इस घटना की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि एक आईएस अधिकारी की बेटी ने इस तरह अपनी जान दे दी. बच्ची की मां राधिका रस्तोगी मुद्रा विभाग में सचिव हैं।

मुंबई में मंत्रालय के सामने सुनीति नाम की एक बिल्डिंग है. लिपि रस्तोगी ने इसी बिल्डिंग की दसवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी. जिस इमारत में लिप्पी और उसके माता-पिता रहते थे वह आईएएस अधिकारियों और कुछ मंत्रियों का घर है। लिप्पी ने सुबह करीब 3 बजे छलांग लगाई, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अप्राकृतिक मौत दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.


## भयंदर: छक्का मारा और गिर पड़े, क्रिकेट खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से मौत

**भयंदर:** क्रिकेट खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से गणेश थेवर की मौत हो गई. ये घटना कैमरे में कैद हो गई है. मृतक का नाम राम गणेश थेवर (42) है. जेवीपी इंफ्रास्ट्रक्चर का वार्षिक स्नेह मिलन कार्यक्रम रविवार को काशीमीरा स्थित मीनाक्षी फार्म हाउस में आयोजित किया गया। इस मौके पर फार्म हाउस में टर्फ पर कर्मचारियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. इसमें राम बल्ला बजा रहे थे. इस बार उन्होंने एक गेंद पर पूरी ताकत से छक्का जड़ दिया. लेकिन तभी वह अचानक मैदान पर गिर पड़े.

# बर्थडे केक देर से लाने पर पत्नी... बेटे पर चाकू से हमला

**मुंबई:** जन्मदिन का केक देर से देने पर हुई बहस के बाद रविवार को साकीनाका इलाके में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटे पर चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में साकीनाका पुलिस ने आरोपी राजेंद्र शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. घायल पत्नी और बेटे का घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना रविवार को साकीनाका के अशोक नगर स्थित वेलफेयर सोसायटी गली नंबर 3 में हुई। रविवार को राजेंद्र शिंदे का जन्मदिन था. वे इस बात से नाराज थे कि परिवार वाले देर से केक लेकर आए। इससे वह अपनी पत्नी रंजना शिंदे से विवाद करने लगा। अपने पिता को अपनी मां के साथ दुर्व्यवहार करते देख बेटे ने अपने पिता को रोकने की कोशिश की. तभी राजेंद्र शिंदे ने घर से चाकू लेकर बच्चे की कलाई पर वार कर दिया. इसके बाद उसने रंजना शिंदे को भी चाकू मार दिया. जब लड़का अंदर आया तो उसके पेट में भी चाकू मारा गया. घटना के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये. राजावाड़ी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. रविवार को पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया और आगे की जांच की जा रही है.



## महाराष्ट्र में बीजेपी को 10 सीटों पर बढ़त!

# शिरूर, सतारा, नागर, अमरावती में कांटे की टक्कर, नतीजों पर टिका महायुति का भविष्य

**मुंबई** : लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के बाद भले ही शनिवार को रुझान जारी हो गए, लेकिन राज्य की कुछ सीटों पर अभी भी काफी कांटे की टक्कर है. शिरूर, सतारा और नागर समेत दस सीटों पर चुनाव बेहद कड़ा रहा है और ऐसा लगता है कि इन जगहों के लोकसभा चुनाव नतीजों पर ही महायुति या महाविकास अघाड़ी का भविष्य तय होगा.

राज्य भर में इस साल के लोकसभा चुनाव की झलक 'एग्जिट पोल' में काफी तीखी रही है. विभिन्न संगठनों द्वारा कराए गए 'एग्जिट पोल' में दस सीटों शिरूर, सतारा, नगर, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, भिवंडी, अमरावती, चंद्रपुर, यवतमाल-वाशिम और उस्मानाबाद पर बेहद कड़े मुकाबले की तस्वीर दिख रही है। मतदान एजेंसियों के प्रतिनिधियों के अनुसार, जिन उम्मीदवारों के इस सीट पर जीतने की भविष्यवाणी की गई है, उनके जीतने की संभावना एक से चार प्रतिशत है। जिन उम्मीदवारों को चुनाव में कम से कम पांच प्रतिशत वोट मिलते हैं, उनके जीतने की संभावना सबसे अधिक होती है। 'एग्जिट पोल' को लेकर संबंधित प्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है कि इन जगहों के नतीजे राज्य की तस्वीर बदल सकते हैं क्योंकि सर्वे में इन सभी दस सीटों पर बेहद कड़ा मुकाबला है।



पश्चिम महाराष्ट्र में शिरूर और सतारा दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव बहुत कड़ा रहा है। ज्यादातर 'एग्जिट पोल' में यह रुझान सामने आया है कि ये सीटें महाविकास अघाड़ी को मिलेंगी। सर्वे से पता चला है कि इन दोनों सीटों पर जिन उम्मीदवारों की जीत की संभावना जताई गई थी, उनके वोट बहुत कम हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि वास्तव में राज्य में आगे कौन होगा क्योंकि सभी आठ सीटों नगर, मुंबई उत्तर पश्चिम, मुंबई उत्तर मध्य, भिवंडी, अमरावती, चंद्रपुर, यवतमाल-वाशिम और उस्मानाबाद में यही स्थिति है।

एग्जिट पोल से पता चला है कि बीजेपी उन दस निर्वाचन क्षेत्रों में से पांच सीटें जीतेगी जहां लड़ाई कड़ी है। तो बाकी पांच सीटों में से एक-एक सीट कांग्रेस और एनसीपी शरद चंद्र पवार की पार्टी को जाएगा। यह भी अनुमान लगाया गया है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) को तीन सीटें मिलेंगी। अगर बीजेपी को मिली पांच सीटों के नतीजे उसके विपरीत गए तो अनुमान है कि महागठबंधन को तगड़ा झटका लगेगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com